शी न्यूज़ SHE NEWS

अनोखी जोड़ी : नातिन ने शुरू किया स्टार्टअप

नानी स्वेटर बुन रही हैं, नई राह चुन रही हैं...

रीना शर्मा विजयवर्गीय
patrika.com

जयपुर. दादी-नानी और मम्मी को आपने कभी न कभी तो सिलाई-कढ़ाई और बुनाई करते देखा ही होगा लेकिन ऐसे बहुत कम लोग होते हैं, जो अपने शौक को कमाई का जरिया बना लेते हैं। उन्हीं में से एक हैं दिल्ली में रहने वाली 75 वर्षीय आशा पुरी।

असल में यह कमाल दिल्ली की कृतिका सोंधी का है जिन्होंने अपनी नानी के टैलेंट को नई पहचान देने के लिए 'विद लव, फ्रॉम ग्रैमी' स्टार्टअप की शुरुआत की। कुछ ही समय में कृतिका को नौकरी मिल गई और आशा के अमरीका चले जाने पर स्टार्टअप वहीं रूक गया। लॉकडाउन के दौरान कृतिका का कंपनी से कॉन्ट्रेक्ट खत्म हो गया। उस दौरान नानी भी दिल्ली में थी। कृतिका ने फिर से स्टार्टअप को शुरू करने के बारे में सोचा। नानी के हाथों से बने स्वेटर लोगों को बहुत पसंद आते हैं।

एक माह में 100 से ज्यादा ऑर्डर

आशा कहती हैं कि मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि इस उम्र में कुछ कर पाऊंगी। स्टार्टअप शुरू करने के एक माह बाद ही हमें 100 से भी ज्यादा ऑर्डर्स मिले। इस स्टार्टअप ने कई लोगों को रोजगार भी दिया है। मेरे साथ हम उम्र महिलाओं को भी नया मंच मिला है।